# मुख्यमंत्री ने वल्दिया स्टेडियम पहुंचकर उच्चीकृत क्रिकेट मैदान का लोकार्पण किया



**– खिलाड़ियों के साथ खेल मैदान में उतरे मुख्यमंत्री, क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बढ़ाया युवाओं का उत्साह**

पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अपने पिथौरागढ़ जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम पहुंचकर उच्चीकृत क्रिकेट मैदान का लोकार्पण किया तथा क्रिकेट मैदान को जनपदवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने क्रिकेट पिच पर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए छह गेंदों का ओवर खेलकर पिच का औपचारिक उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों के साथ खेल मैदान में उत्साहपूर्ण और आत्मीय अंदाज देखने को मिला। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों एवं युवाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल, हॉकी एवं अन्य खेल गतिविधियों में भी सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम भी हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित समस्त युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई तथा उन्हें नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ राज्य में चल रहे अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली एवं सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने समस्त खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 खिलाड़ियों का सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और उत्तराखंड को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं में अपार प्रतिभा एवं क्षमता है। खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी कुशलता प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई खेल नीति के माध्यम से राज्य के उदीयमान खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

## मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल पहुंच मरीजों का जाना हालचाल



पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ भ्रमण कार्यक्रम के समापन उपरांत पिथौरागढ़ के जिला अस्पताल बी डी पाण्डेय पहुंचकर इमरजेंसी एवं चिल्ड्रन वार्ड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर मरीजों का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को मरीजों को बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसी भी मरीज को उपचार के अभाव में परेशानी नहीं होने दिया जाएगा । मुख्यमंत्री धामी ने मरीजों के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या या दिक्कत आती है तो वे अपनी बात जिलाधिकारी आशीष भटगाईं के माध्यम से सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खर्क के ग्रामीणों ने बीमार महिलाओं को कुर्सी के सहारे पहुंचाया सड़क तक

नई टिहरी। नैनबाग तहसील का ग्राम पंचायत सुरासू के खर्क गांव में सड़क सुविधा न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। गांव में एक बुजुर्ग महिला की तबीयत खराब होने पर ग्रामीणों ने महिला को सड़क तक पहुंचाने के लिए 2 किलोमीटर पैदल चलकर कुर्सी के सहारे महिला को सड़क तक पहुंचाया। ग्रामीण सुरेश रावत, सरदार सिंह रावत, सुशील खर्ककाई ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनके गांव की केदारी देवी (78) की तबीयत अचानक खराब हो गई। गांव में सड़क की सुविधा न होने से ग्रामीणों ने महिला को कुर्सी पर बिठाकर सड़क तक पहुंचाना पड़ा। जिसके बाद महिला को निजी वाहन से नैनबाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों के महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गांव में किसी के बीमार होने और गर्भवती महिलाओं को ग्रामीणों की मद्द से कुर्सी के सहारे सड़क तक पहुंचाना पहुंचाना पड़ता है। बताया वर्ष 2016 में नैनबाग के सुमन क्यारी से सुरासू और खर्क के लिए 12 किलोमीटर सड़क की स्वीकृत हुई थी। वर्ष 2017–18 में सड़क का निर्माण कार्य किया गया। लेकिन 10 किलोमीटर सड़क सुरासू गांव तक बनने के बाद सड़क निर्माण बंद कर दिया। जबकि सुरासू और खर्क की एक ही ग्राम पंचायत है। सुरासू से खर्क की दूरी मात्र दो किलोमीटर है।

### नहाते समय तेज बहाव में बहा राजस्थान का युवक, मौत

रुद्रप्रयाग। तिलवाड़ा क्षेत्र में मंदाकिनी नदी में नहाते समय एक युवक तेज बहाव की चपेट में बह गया और उसकी मौत हो गई। एसडीआरएफ टीम ने सर्च अभियान चलाकर युवक का शव नदी से बरामद किया। युवक राजस्थान का निवासी था। शुक्रवार को डीसीआर रुद्रप्रयाग से एसडीआरएफ पोस्ट अगस्त्यमुनि को सूचना मिली कि तिलवाड़ा रामपुर क्षेत्र के पास एक व्यक्ति नदी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गया है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र पंवार के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तेज बहाव के बीच एसडीआरएफ टीम ने नदी क्षेत्र में खोज कर युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान मनीष (33) निवासी राजस्थान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह स्नान के दौरान नदी के तेज बहाव में बह गया था। युवक का शव मोर्चरी लाया गया है।

### पटेलनगर में सेनेटरी दुकान और बंद मकान से लाखों की चोरी

देहरादून। पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने दो अलग–अलग वारदातों में लाखों चोरी को अंजाम दिया। दोनों मामलों में पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। चोरी की पहली वारदात सहारनपुर रोड स्थित एक सेनेटरी की दुकान में हुई। कमल भाटिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह मई रात दुकान बंद की। अगले दिन सुबह देखा तो दुकान के ताले टूटे थे। चोर अंदर रखे सुप्रीम, एस्को और जगुआर कंपनी के लगभग साढ़े तीन लाख रुपये के पीतल के आइटम चोरी कर लिए। घटना का पता चलने पर कंट्रोल रूम को सूचना दी। पीड़ित ने पुलिस को वह सरिया भी सौंप दिया है जिससे चोरों ने ताला तोड़ा था। सीसीटीवी की वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध करा दी गई है।

### टाइल कारीगर ने अंतरा सोसाइटी में फंदे से लटककर दी जान

देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र के गुनियाल गांव स्थित अंतारा पुरुकुल सीनियर लिविंग में काम करने वाले एक टाइल कारीगर ने स्टोर रूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार की है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसओ राजपुर पीडी भट्ट ने बताया कि गुरुवार को कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि गुनियाल गांव के अंतारा पुरुकुल सीनियर लिविंग में एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया है। सूचना मिलते ही कुठाल गेट चौकी प्रभारी प्रवीण सैनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर उन्होंने देखा कि टाइल–पत्थर के स्टोर रूम में एक व्यक्ति प्लास्टिक के मोटे रस्से के सहारे छत के पाइप से लटका हुआ है। मौके पर मृतक के परिजन और अंतारा सोसाइटी का स्टाफ भी मौजूद था।

### मसूरी में जाम में फंसे लोग, व्यापार हो रहा प्रभावित

देहरादून। मसूरी में पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होने से माल रोड सहित संपर्क मार्गों व मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। स्कूली बच्चों और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को अपराह्न 3:00 बजे करीब पिक्चर पैलेस चौक पर जाम लगने से स्कूली बच्चों के साथ ही पर्यटक स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पंजाब से मसूरी घूमने आए रमनदीप सिंह ने बताया कि वह करीब आधे घंटे तक जाम में फंसे रहे जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वह कई शहरों में घूमने के लिए गए थे लेकिन जिस तरह से मसूरी में जाम लग रहा है इस तरह का जाम और अन्य शहरों में कहीं भी देखने को नहीं मिला। गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा मसूरी में ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए हाल ही में ट्रैफिक प्लान बनाया गया था जो पहले दिन शुक्रवार को ही भीड़ बढ़ने पर फेल होता हुआ नजर आया।

## आईआईटी रुड़की में सेंटर फॉर रेगुलेटरी अफेयर्स का हुआ उद्घाटन



रुड़की। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को आईआईटी रुड़की में सेंटर फॉर रेगुलेटरी अफेयर्स का उद्घाटन किया। यह केंद्र फोरम ऑफ रेगुलेटर्स और आईआईटी रुड़की की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विद्युत क्षेत्र की नियामकीय संरचना को सुदृढ़, पारदर्शी और भविष्य उन्मुख बनाना है। जून 2024 में कार्यभार संभालने के बाद से मनोहर लाल ने नियामकीय प्रक्रियाओं में सुधार, संस्थागत क्षमता निर्माण और बढ़ती विद्युत मांग, नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण तथा डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसी चुनौतियों से निपटने पर विशेष बल दिया है। इसी दिशा में यह केंद्र अनुसंधान, क्षमता निर्माण, परामर्श सहयोग और ज्ञान प्रसार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करेगा। मंत्री ने कहा कि यह आईआईटी के सहयोग से स्थापित दूसरा केंद्र है। इससे पहले आईआईटी दिल्ली में भी एक समान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया गया था। उन्होंने अपेक्षा जताई कि रुड़की का यह केंद्र रेगुलेटरी सैंडबॉक्सिंग और डिमांड फ्लेक्सिबिलिटी जैसे विषयों पर चर्चा को आगे बढ़ाएगा और नवाचारी प्रौद्योगिकियों के विकास में योगदान देगा। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग/फोरम ऑफ रेगुलेटर्स के अध्यक्ष जिष्णु बरुआ ने कहा कि यह केंद्र भारतीय उद्योग के लिए नियामकीय क्षमता निर्माण का अग्रणी संस्थान बनेगा और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान व प्रकाशनों के माध्यम से भारत के विचार नेतृत्व को प्रदर्शित करेगा।

### पालकोट क्षेत्र में रसोई गैस कनेक्शनों के ई–केवाईसी के लिए लगे शिविर

नई टिहरी। नरेंद्रनगर ब्लॉक के पालकोट क्षेत्र के लोगों ने नरेंद्रनगर उपजिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल को क्षेत्र में नियमित रसोई गैस की आपूर्ति करने और गैस कनेक्शन की ई–केवाईसी के लिए क्षेत्र में शिविर लगाने की मांग की है।जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह असवाल के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल नरेंद्रनगर तहसील पहुंचा। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पालकोट क्षेत्र के लोगों को रसोई गैस कनेक्शनों की ई–केवाईसी कराने के लिए कई किलोमीटर दूर ऋषिकेश आना पड़ रहा है। बताया वर्षों पहले क्षेत्र के लोगों ने इंडियन ऋषि गैस सेवा ऋषिकेश से रसोई गैस कनेक्शन लिए थे। एजेंसी वहीं से क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति करती थी। लेकिन माह से सुंदर गैस एजेंसी खाड़ी और इंडियन गैस एजेंसी नकोट से क्षेत्र में सिलिंडर की आपूर्ति कर रही है। जबकि उपभोक्ताओं के रसोई गैस कनेक्शन ऋषि गैस सेवा ऋषिकेश के हैं। कनेक्शनों की ई–केवाईसी और रसोई गैस कनेक्शन को दूसरी गैस एजेंसी में बदलवाने के लिए उपभोक्ताओं को ऋषिकेश के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।

## मौसम के बदलाव से बढ़ रही खांसी–जुखाम और बुखार की शिकायतें



नई टिहरी। टिहरी जिले गत एक सप्ताह से अधिक समय से मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के चलते छोटे बच्चों और बड़े–बुजुर्गों खांसी, जुखाम और बुखार की शिकायतें देखने में आ रही है। डॉक्टरों ने इस तरह के मौसम में विशेषकर बच्चों और बजुर्गों को बचाने की सलाह दी है। साथ ही खानपान का भी विशेष ध्यान रखने को कहा है। गर्मी के मौसम में तेज धूप के बीच अचानक मौसम खराब होने से तापमान आ रही गिरावट से लोगों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिसके कारण खांसी, जुखाम, बुखार, संक्रमण और लूज मोशन आदि बीमारियों की शिकायतें को लेकर लोग जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल के सीएमएस व फिजिशियन डॉ अमित राय का कहना मौसम में हो रहे परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की विशेष जरूरत है। ताजा खाना और पानी उबाल कर पीने की जरूरत है। कहा कि शादी विवाह और बाहर के खाने से परहेज करे। चटक धूप के बाद बारिश पर होने से शरीर के तापमान संतुलन बिगड़ जाता है।

## मेलाधिकारी ने सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया



हरिद्वार। कुंभ मेला–2027 की तैयारियों के अंतर्गत संचालित आधारभूत विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के क्रम में मेलाधिकारी सोनिका ने शुक्रवार को मनसा देवी मंदिर परिसर, मंदिर के पैदल मार्ग तथा हरकीपैड़ी से लालतरो पुल तक संचालित गलियों के सुधार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेलाधिकारी ने मनसा देवी पैदल मार्ग के सुधार एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्तावित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा सुरक्षा संबंधी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर में प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्यों क्या संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मेलाधिकारी ने कहा कि हरिद्वार देश–विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है तथा कुंभ मेला–2027 के दृष्टिगत शहर की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था परियोजना क्रियान्वयन इकाई, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नियमित निगरानी के माध्यम से कार्यों की समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए। मेलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि गलियों के सुधार कार्यों के साथ–साथ जल निकासी व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पैदल मार्गों एवं सार्वजनिक सुविधाओं को भी बेहतर बनाया जाए, ताकि कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मनसा देवी मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आवागमन रहता है। ऐसे में इस क्षेत्र का आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य इस प्रकार संपादित किए जाएं कि धार्मिक नगरी हरिद्वार की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक पहचान भी संरक्षित रहे।

निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनसा देवी जाने वाले प्रमुख मार्ग पर भवन अग्रभाग (फसाड) सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। मेलाधिकारी ने कहा कि फ़साड सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्गत भवनों एवं मार्गों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक विषयवस्तु के अनुरूप विकसित किया जाए, जिससे हरिद्वार की आध्यात्मिक पहचान और अधिक प्रभावी रूप में उभरकर सामने आए। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला–2027 को दिव्य, भव्य एवं स्वच्छ स्वरूप प्रदान करने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों, घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है।

## प्रशासन ने 30 पशुपालकों को दी 16 लाख 52 हजार की सहायता राशि



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जिले के गौणा गांव के भनाली तोक में आकाशीय बिजली गिरने से मारी गई बकरियों के स्वामियों को जिला प्रशासन ने राहत राशि वितरित की। शुक्रवार को राज्य सभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे ने पशुपालकों को राहत राशि के चैक प्रदान किए गए।

गौरतलब है कि बीती 4 मई को जनपद के गौणा गांव के भनाली तोक में आकाशीय बिजली गिरने से 30 पशुपालकों की 413 बकरियां मर गई थी। जिस पर जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देश पर वन विभाग और तहसील प्रशासन की टीम की ओर से घटना की जांच कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई। जिसके आधार पर जिला प्रशासन की ओर से 30 पशुपालकों को 16 लाख 52 हजार की राहत राशि चैक के माध्यम से वितरित की गई। इस मौके पर तहसीलदार दिप्ती शिखा, हुकम सिंह, राकेश सिंह, बादर सिंह, सुनील सिंह, प्रकाश सिंह,मदन लाल, देवी लाल सहित अन्य आपदा प्रभावित भी मौजूद थे।

### तुंगनाथ–चोपता में जल्द बनेगी स्थायी स्वास्थ्य इकाई

रुद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध तुंगनाथ–चोपता क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए जल्द ही एक स्थायी फैब्रिकेटेड स्वास्थ्य इकाई का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 40 लाख रुपये की डीपीआर तैयार कर ग्रामीण निर्माण विभाग को भेज दी गई है। 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से मरीजों की संख्या बढ़ी है। पिछले 15 दिनों में करीब 400 लोग जांच करा चुके हैं और यहां रोजाना औसतन 25–30 ओपीडी हो रही है। मगर वर्तमान में केंद्र अस्थायी भवन में सिर्फ एक फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य मित्र के भरोसे चल रहा है। सीएमओ डॉ. रामप्रकाश ने बताया कि स्थायी भवन बनते ही यहां डॉक्टर की नियुक्ति कर दी जाएगी। नए भवन में स्वास्थ्य केंद्र के साथ कर्मियों के लिए आवासीय कक्ष भी होंगे। स्थायी इकाई बनने से हजारों पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अब सीमित संसाधनों के बजाय उचित चिकित्सा लाभ मिल सकेगा।

## अपहरण और पॉक्सो एक्ट में बंद युवक को सशर्त जमानत

नई टिहरी। नाबालिग का अपहरण करने और पॉक्सो अधिनियम में सलाखों के पीछे बंद युवक को विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट)/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने जमानत दी है। अभियुक्त को 40–40 हजार रुपये के दो जमानत धनराशि और इतनी ही राशि का व्यक्तिगत बंध पत्र पर इस शर्त के साथ जमानत दी गई है, कि वह बंधपत्र की शर्तों के अनुसार कोर्ट में हाजिर होगा। घनसाली पुलिस थाने में एक नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान नाबालिग को पंजाब में अभियुक्त युद्धवीर सिंह के साथ बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को नाबालिग का अपहरण करने और पॉक्सो एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जमानती प्रार्थना पत्र में तर्क दिया गया कि उसकी जान पहचान फेसबुक और इंस्टाग्राम पर हुई थी। करीब डेढ़ माह पहले नाबालिग स्वयं पंजाब गई। पीड़िता ने भी लैंगिक हमला और दुराचार होने का कोई बयान नहीं दिया है, अभियुक्त का कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। जमानत पर रिहा होने के बाद उसके फरार होने की कोई संभावना नहीं है। जिससे अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाने योग्य है। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट)/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन शर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त को इस शर्त पर जमानत दी है, कि वह बंधपत्र की शर्तों के अनुसार अदालत में हाजिर होगा।

## चंपावत प्रकरण पर भाजपा का काँग्रेस पर पलटवार

देहरादून। भाजपा की प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने चंपावत मामले को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को दोबारा हासिल करने के लिए झूठ और फरेब का सहारा ले रही है। भाजपा का दावा है कि मुख्यमंत्री और सत्ताधारी दल के नेताओं की छवि को धूमिल करने के लिए कांग्रेस लगातार एक 'प्री–प्लान' साजिश के तहत काम कर रही है।

दीप्ति रावत ने कहा कि कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह अब षड्यंत्र रचने पर उतर आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा और मुख्यमंत्री की बेदाग छवि को खराब करने के लिए चंपावत प्रकरण को जानबूझकर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। उन्होंने शासन–प्रशासन से इस पूरे षड्यंत्र में शामिल कांग्रेस नेताओं पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

आनंद मेहरा की भूमिका पर उठाए सवालः भाजपा प्रदेश महामंत्री ने चंपावत के स्थानीय कांग्रेस नेता आनंद मेहरा की भूमिका पर भी तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मेहरा जिस तरह से बार–बार अपने बयान बदल रहे हैं और बच्ची व बेटी के नाम पर राजनीति कर रहे हैं,

## सीतापुर पार्किंग में अवैध वसूली के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन



रुद्रप्रयाग। सीतापुर पार्किंग में तीर्थयात्रियों से अवैध वसूली को लेकर गुस्साए व्यापार संघ ने पार्किंग का घेराव कर प्रदर्शन कर दिया। उन्होंने कहा कि 100 रुपये की जगह 500 से 1000 रुपये शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने अवैध वसूली बंद करने की मांग की और धरना शुरू कर दिया। सीतापुर में पार्किंग इस बार दिल्ली के व्यवसायी भारत भूषण के नाम आवंटित की गई है। समझौते के अनुसार पार्किंग में बने हॉल में सौ रुपये देकर कोई भी चालक या परिचालक रात्रि प्रवास कर सकता है। व्यापारियों का आरोप है कि पार्किंग संचालक प्रतिदिन करीब 500 से 1000 रुपये तीर्थयात्रियों से वसूलकर उन्हें रजाई गद्दा मुहैया करवा रहा है। साथ ही खाना बनाने के लिए दिए गए अतिरिक्त स्थान के लिए प्रति वाहन से भी 1200 रुपये वसूले जा रहे हैं। समझौते के अनुसार 8 घंटे पार्किंग की व्यवस्था देने पर प्रति वाहन से 300 लेने का प्रावधान है। व्यापारियों का आरोप है कि इन वाहन स्वामियों से तिगुना किराया वसूला जा रहा है। कई दिनों से आ रही इस तरह की शिकायतों से आक्रोशित व्यापारियों ने पार्किंग संचालक के विरुद्ध धरना शुरू कर दिया। स्वाभिमान मोर्चा से जुड़े त्रिभुवन चौहान नेतृत्व में नितिन जमलोकी, अंकित गैराला, रामचन्द्र गोस्वामी, मनोज सेमवाल अशोक सेमवाल ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। वहीं जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे का कहना है कि यदि यात्रियों से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अवैध वसूली की मुख्यमंत्री से शिकायतः जिला पंचायत सदस्य त्रियुगीनारायण अमित मैखंडी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पार्किंग में अवैध वसूली बंद करने मांग की। उन्होंने कहा कि पार्किंग संचालक पूर्व की अपेक्षा स्थानीय व्यवसायियों से दोगुना पैसा लेकर पार्किंग की दुकानों को आवंटित कर रहा है।

## एक नजर

### उपजिला चिकित्सालय में आधुनिक दूरबीन विधि से शुरू हुई सर्जरी

श्रीनगर गढ़वाल : उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में अब साइनस रोग से परेशान मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अस्पताल में शुक्रवार से साइनस की आधुनिक दूरबीन विधि से सर्जरी शुरू हो गई है। पहले ही दिन दो मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। इससे पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले के मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिगपाल दत्त ने बताया कि पहले मरीजों को इस ऑपरेशन के लिए अन्य बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा। डॉ. दत्त ने बताया कि अस्पताल में पहले से ही कान के पर्दे में छेद, नाक की टेढ़ी हड्डी और आंखों से लगातार पानी आने जैसी समस्याओं के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। अब तक करीब 200 सफल सर्जरी की जा चुकी हैं। साइनस सर्जरी शुरू होना अस्पताल के लिए एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को दो साइनस मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद मरीजों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। (एजेंसी)

### पीड़ित युवक को उचित मुआवजा देने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : डेढ़ साल पहले डुंगरीपंथ में रेलवे साइट पर काम के दौरान ऋत्विक कंपनी में कार्यरत एक युवक के पैर में रोलर चढ़ाए जाने के मामले पर स्थानीय युवक कंपनी के अधिकारियों से मिले। इस दौरान उन्होंने पीड़ित युवक को उचित मुआवजा व उपचार का खर्चा देने की मांग की। मौके पर मौजूद भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. सुधीर जोशी, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष यशीष रावत, पार्षद प्रदीप रावत, शुभम गोस्वामी, सौरभ गोदियाल, राजेंद्र तड़ियाल, विनोद कोहली, हिमांशु पंवार, सौरभ जग्गी आदि ने कर्मचारियों के साथ कंपनी की ओर से की जा रही मनमानी पर भी विरोध जताया। डॉ. सुधीर जोशी ने बताया कि कंपनी से पीड़ित युवक को पूरा इलाज का खर्चा व मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। यदि मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें 12 मई को काम बंद कराने के लिए विवश होना पड़ेगा। (एजेंसी)

### स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची फरासू गांव

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र के फरासू में पीलिया का खतरा अभी टला नहीं है। शुक्रवार को भी फरासू से दो लोग बेस चिकित्सालय पहुंचे जिनमें उल्टी और सिरदर्द जैसे लक्षण पाए गए। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पौड़ी सीएमओ कार्यालय और श्रीनगर से आठ सदस्यीय स्वास्थ्य टीम फरासू पहुंची। टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और पेयजल स्रोतों की जांच की। इस दौरान पानी के सैंपल भी एकत्र किए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में शिवांगी, डॉ. अंकुर, डॉ. अनूजा, दीक्षा, सरिता, सीमा और कैलाश समेत एनएम, फार्मासिस्ट और क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता शामिल रहे। टीम सदस्य शिवांगी ने बताया कि गांव पहुंचकर करीब 15 लोगों से बातचीत की गई और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें वे लोग भी शामिल थे जो अस्पताल से उपचार के बाद वापस गांव पहुंचे हैं। जरूरतमंदों को दवाइयां देने के साथ ही संक्रमण से बचाव के तरीके भी बताए गए। उन्होंने बताया कि जल संस्थान के जेई से भी बातचीत की गई है और पानी की स्क्रीनिंग कर सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। साथ ही जल संस्थान को कलियासौड़ तक पूरी पाइप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम ने पाया कि टैंक में क्लोरीन मिलाने के बाद सप्लाई शुरू कर दी गई है, लेकिन इसके बावजूद पानी पूरी तरह साफ नहीं दिख रहा है। बेस चिकित्सालय की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता गिरी ने बताया कि फरासू से लगातार मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। बच्चों में पीलिया के लक्षण तेजी से सामने आ रहे हैं और मरीजों की संख्या पहले की तुलना में बढ़ी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को केवल उबला हुआ पानी पिलाने, बाहर का खाना बंद करने और कमजोरी, उल्टी, बुखार या आंखों में पीलापन जैसे लक्षण दिखते ही तुरंत अस्पताल पहुंचने की अपील की है। (एजेंसी)

### बाल कल्याण समिति ने देवलधार आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया

नई टिहरी। जिला बाल कल्याण समिति ने राजीव गांधी आवासीय नवोदय विद्यालय देवलधार का निरीक्षण किया। समिति ने विद्यालय में एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र–छात्राओं को कई अहम जानकारी देते हुए सचेत रहने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। आवासीय नवोदय विद्यालय में वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में भिक्षा वृत्ति,बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ऋषि कुमार ने छात्रों को समिति की कार्यप्रणाली और बाल अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह करना दंडनीय अपराध है। बाल विवाह बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करता है। बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जंगल में स्थित आवासीय विद्यालय में सुरक्षा दीवार लगाने को कहा गया। बताया गया कि दीवार नहीं होने के कारण वहां अक्सर जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विद्यालय परिसर में सुरक्षा दीवार और प्रवेश द्वार बनाना जरूरी है। समिति के सदस्य राजेंद्र गुसाईं ने कहा कि समिति बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़े मामलों का निस्तारण करने का हर संभव प्रयास करती है। छात्रों को चाइल्ड हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर 1098 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह नेगी समिति को दिए ज्ञापन में विद्यालय परिसर में प्रवेश द्वार बनाने, बाउंड्री वॉल बनाने, इलेक्ट्रिक फेंसिंग, बच्चों को विद्यालय से हॉस्टल आवागमन के लिए टीनसेड बनाने की मांग की।

### बीएसएफ जवान बलवीर सिंह पुंडीर का हृदयाघात से निधन

टिहरी । भिलंगना ब्लॉक के ग्राम श्रीकोट बेलेश्वर निवासी बीएसएफ जवान बलवीर सिंह पुंडीर (58 वर्ष)पुत्र चंदन सिंह का हृदयाघात होने से निधन हो गया। जवान के असामयिक निधन पर परिवार में मातम पसर गया। क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जवान को अंतिम विदाई दी। श्रीकोट–बेलेश्वर गांव के प्रधान दिनेश सिंह रावत ने बताया कि बलवीर सिंह पुंडीर बीएसएफ में कार्यरत थे और उनकी तैनाती इस समय गुवाहाटी असम में थी। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मृत्यु हृदयाघात से हुई है। शुक्रवार को जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव श्रीकोट बेलेश्वर पहुंचा। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव पहुंचा पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और शुभचिंतक अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद उनके पैतृक घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

# प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, कांग्रेस ने फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** प्रदेश में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था व महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार पर कांग्रेस ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। इस दौरान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का भी पुतला दहन किया। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झंडाचौक के समीप एकत्रित हुए। यहां उन्होंने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। आए दिन महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। वक्ताओं ने कहा कि चंपावत की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष व त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व न्याय के मुद्दे पर सरकार को संवेदनशील व जवाबदेह होना चाहिए। कांग्रेसियों ने सतपुली में अनुसूचित जाति के युवक की आत्महत्या की घटना को भी निंदनीय बताया। कहा कि युवक का आत्महत्या करना व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह है। क्षेत्र में गैस वितरण में लगातार आ रही अव्यवस्था को गंभीर बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि अव्यवस्था के कारण महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कहा कि कांग्रेस सदैव जन हितों को लेकर संघर्ष करती रहेगी। पुतला दहन करने वालों में महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व अध्यक्ष संजय मित्तल, महानगर कांग्रेस महिला अध्यक्ष सुधा असवाल, प्रवीन रावत, प्रदेश सचिव गणेश नेगी, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, विजय नारायण सिंह, साबर सिंह नेगी, सुदर्शन रावत, होशियार सिंह बिष्ट सहित तमाम कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।


कोटद्वार के झंडा चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते के लिए एकत्र हुए कांग्रेसजन

## वन विभाग की टीम ने किया बामठी में आदमखोर गुलदार को ढेर



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला मुख्यालय से सटे गुलदार प्रभावित बमठी गांव में आखिरकार वन विभाग की टीम ने गुलदार को ढेर कर दिया है। गुलदार की दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने अब राहत की सांस ली है। बता दें विगत 23 अप्रैल को बामठी गांव में घर के समीप खेत में घास काट रही 70 वर्षीय सीता देवी को गुलदार ने मार डाला था। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत बनीं हुई थी। ग्रामीणों ने गांव के आस पास दो गुलदार सक्रिय होने का दावा किया था। साथ ही ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश और सुरक्षा की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया। शिकारी जॉय हुकिल, विभागीय शूटरों और करीब 20 वन कर्मियों की टीम को गांव और आसपास के जंगलों में तैनात किया गया था। बीते 23 अप्रैल से क्षेत्र की लगातार निगरानी, गश्त और ट्रैकिंग के बाद बीते गुरूवार देर रात एक गुलदार को शूट कर दिया गया। गढ़वाल प्रभाग के डीएफओ महातिम यादव ने बताया कि मारा गया गुलदार नर है, जिसकी उम्र करीब 7 से 8 वर्ष है। उसके एक पैर में चोट के निशान भी मिले हैं। गुलदार के शव का पशु चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। बताया कि ग्रामीणों की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में सतर्कता यथावत रखी है। इससे पूर्व बीते रविवार 3 मई को विभाग ने एक मादा गुलदार को पिंजरे में कैद किया था। (एजेंसी)

## प्रशासन ने अगस्त्यमुनि में नाबालिग की सगाई रुकवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि क्षेत्र में एक बार फिर बाल विवाह का मामला सामने आया, जहां प्रशासन और संबंधित विभागों की तत्परता से समय रहते कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका का भविष्य सुरक्षित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मई 2026 की रात लगभग 8 बजे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र के निर्देशन में गठित टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति तथा पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे। शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे टीम डांगी पठालीधार गांव पहुंची, जहां एक नाबालिग बालिका की सगाई क्यार्क बरसूड़ी में होने जा रही थी। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने वर एवं वधु पक्ष को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसमें दोनों पक्ष कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। समझाइश और काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों ने सहमति जताई कि बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही उसकी सगाई एवं विवाह किया जाएगा। फिलहाल सगाई को रोक दिया गया है। इस कार्रवाई में चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर पूजा भंडारी, केस वर्कर अखिलेश सिंह, जिला बाल कल्याण समिति की गीता मलासी, पुलिस विभाग से चैकी इंचार्ज भोपाल सिंह तथा कांस्टेबल विनय कोठारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दी उनके अधिकारों की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** आदर्श विद्या निकेतन के हल्दूखाता में चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला बाल कल्याण समिति की ओर से जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में वक्ताओं ने बाल विवाह, बच्चों के अधिकार, पॉक्सो अधिनियम-2012, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर सुरक्षा और शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। बच्चों को सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य कपिल रतूड़ी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। अधिवक्ता मयंक थपलियाल ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण इकाई के सूरज कुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की, जबकि शकुंतला नयाल ने संकट की स्थिति में 1098 हेल्पलाइन से सहायता लेने की प्रक्रिया बताई। इस दौरान नवीन सकलानी ने साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जानकारी दी। वहीं दीपक पांडे ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना कुकरेती ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए विद्यार्थियों से जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया।


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

# मुख्यमंत्री ने श्री केदारनाथ धाम में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड अस्पताल का किया लोकार्पण

### देवभूमि के शिखर पर स्वास्थ्य का नया अध्याय की भावना से संचालित होगा अस्पताल

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को श्री केदारनाथ धाम में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड हॉस्पिटल का विधिवत लोकार्पण किया। यह अस्पताल स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्री केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह अस्पताल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रा मार्ग पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य जांच केंद्रों, ऑक्सीजन सुविधाओं एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विधायक केदारनाथ श्रीमती आशा नौटियाल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय खन्ना, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, बद्री केदार मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, बद्री केदार उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, श्री केदार सभा के अध्यक्ष पं. राजकुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मेंखडी, महा मंत्री अकिंत सेमवाल, संजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सुबोध बगवाड़ी, केशव बहुगुणा, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिक तोमर, उप जिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी, कर्नल अजय कोटियाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



### सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधारीकरण की दिशा में निरंतर कार्यरत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार स्वस्थ उत्तराखंड समृद्ध उत्तराखंड के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधारीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 61 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं जिसके माध्यम से आज प्रदेश के अंदर लाखों मरीजों को निःशुल्क उपचार मिल रहा है। इसके साथ ही राज्य के प्रत्येक जनपद में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदार के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना भी की।

## सचिव ने छात्रों को अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : सचिव संस्कृत शिक्षा उत्तराखंड दीपक कुमार ने श्री 1008 स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती संस्कृत महाविद्यालय, मण्डल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय की आचार्या श्रीमती मंगला पुरोहित ने उन्हें देवभूमि गजेटियर पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव संस्कृत शिक्षा ने विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से विषयगत पाठ्यचर्चा करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को संस्कृत संस्थान उत्तराखंड द्वारा संचालित गार्गी छात्रवृत्ति एवं अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को संस्कृत शिक्षा के साथ गणित एवं विज्ञान विषयों के अध्ययन के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस दौरान सचिव ने महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक हरिप्रसाद सती का सम्मान किया तथा अध्यापकों को दैनिक समाचार वाचन एवं गीता शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय परिसर, छात्रावास एवं अनन्त अम्बानी पुस्तकालय का निरीक्षण किया। पुस्तकालय समन्वयक कृष्णानन्द पंत ने उन्हें पुस्तकालय में संरक्षित पाण्डुलिपियों की जानकारी दी। छात्रावास निरीक्षण के दौरान सचिव ने बेहतर रखरखाव एवं विद्यार्थियों को नवाचार और आधुनिक ज्ञान से जोड़ने पर बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भोला दत्त सती ने सचिव द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का आश्वासन दिया। सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा जनपद चमोली एमआर मैंदुली ने भी विद्यालय/महाविद्यालय का सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन प्रसाद नोटियाल, कृष्णानन्द पंत, रमेश सती, श्री बदरीश-कीर्ति संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय डिम्मर-सिमली के प्राचार्य डॉ. माताराम पुरोहित आदि मौजूद थे।



## छात्रों ने परीक्षा के केंद्र में बदलाव के लिए किया आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में बने सीयूईटी प्रवेश परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने के लिए करीब 150 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इन अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र दूर-दराज के शहरों में आवंटित होने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विवि प्रशासन का कहना है कि एनटीए को विवि के माध्यम से यह आवेदन भेजे गए हैं, जल्द ही अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र में बदलाव किया जाएगा। सीयूईटी-यूजी की प्रवेश परीक्षा 11 मई से शुरू होगी। इस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र पंजाब, हल्द्वानी, रुड़की आदि शहरों में आवंटित होने से पर्वतीय क्षेत्र के अभ्यर्थी परेशान हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि इतने दूर आवंटित परीक्षा केंद्रों पर आने-जाने के लिए उन्हें समय के साथ ही आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ेगा। अभ्यर्थियों की इस परेशानी को देखते हुए गढ़वाल विवि प्रशासन की ओर से एनटीए को परीक्षा केंद्रों में संशोधन के लिए पत्र भेजा गया था। साथ ही विवि के छात्र नेताओं ने परीक्षा का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी थी। इस समस्या को देखते हुए एनटीए ने परीक्षा केंद्र में संशोधन के लिए सात मई तक पोर्टल भी खोला था। पोर्टल के माध्यम से परीक्षा केंद्र संशोधन में आ रही दिक्कतों को देखते हुए गढ़वाल विवि की ओर से भी अभ्यर्थियों के आवेदन लिए गए।

# चमोली के काश्तकार अब सीधे आईटीबीपी को बेच सकेंगे सब्जियां



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** उत्तराखंड के सीमांत जनपद के काश्तकारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद की ओर से महत्वपूर्ण पहल की गई है। परिषद की ओर से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के साथ एक अनुबंध किया गया है। समझौते के अनुसार अब स्थानीय काश्तकार अपने खेतों में उगने वाली सब्जियों का विपणन सीधा आईटीपीबी को कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के काश्तकारों की आय बढ़ाने को लेकर योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जा रहा है। जिसे लेकर उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद की ओर से काश्तकारों की आय को बढ़ाने की मंशा से बीती 1 अप्रैल 2026 को स्थानीय काश्तकारों से सब्जी क्रय करने हेतु अनुबंध किया गया है। शुक्रवार को ज्योतिर्मठ के बड़ागांव के भद्रेश्वर कृषक उत्पादक संगठन द्वारा सब्जी विपणन के साथ जनपद में योजना का संचालन शुरु कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने योजना के तहत सब्जी की पहली खेप ले जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काश्तकारों की ओर से अनुबंध के तहत पहली खेप में 50 किलोग्राम मटर, 8 किलोग्राम लहसुन, 50 किलोग्राम राई, 5 किलोग्राम धनिया और 5 किलोग्राम चुकन्दर की सप्लाई की है। जिससे काश्तकारों की 9 हजार की आय प्राप्त हुई है।

### क्या कहते हैं काश्तकार

स्थानीय काश्तकार मोहन सिंह कम्दी, सुखदेव सिंह का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से किया गया यह अनुबंध स्थानीय काश्तकारों की आय को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। अब काश्तकारों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए बाजारों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### काश्तकारों की आय में होगी बढ़ोत्तरी

उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद की ओर से किए गए अनुबंध के तहत जोशीमठ के बड़ागांव के काश्तकारों के समूह से सब्जी के विपणन व्यवस्था का शुभारंभ किया गया है। अनुबंध के अनुसार क्षेत्र के कृषक संगठनों को सब्जी के विपणन की व्यवस्था से जोड़ा गया। जो काश्तकारों की आय में बढ़ोत्तरी में सहायक सिद्ध होगा।

**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।
CONT. 9412081969
PRGI NO. 35469/79

